Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-02-2006

Participants : Dubey Shri Chandra Shekhar

an>

Title: Need to merge BRL and HSCL into SAIL.

श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से इस्पात मंत्रालय का ध्यान आकृट करते हुए कहना चाहता हूं कि भारत रिफ्रैक्ट्रीज़ लिमिटेड (बी.आर.एल.), पहले स्टील एथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) का एक अंग था, जिसे सेल से अलग कर दिया गया है। इसमें करीब 1800 मजदूर कार्यरत हैं। इसी प्रकार हिन्दुस्तान स्टील कंस्ट्रक्शन लिमिटेड (एच.एस.सी.एल.) में भी करीब 2100 मजदूर कार्यरत हैं। उक्त दोनों प्रतिठानों में सेल में काम आने वाले सामानों का उत्पादन होता है, जिसके बिना सेल का काम नहीं चल सकता है।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि जिस प्रकार इस्को का सेल में विलयन कर लिया गया है, उसी प्रकार बी.आर.एल. और एच.एस.सी.एल. का भी सेल में विलयन कर लिया जाये, ताकि इसमें कार्यरत मजदूरों की नौकरी की सुरक्षा के साथ-साथ सेल के सामानों की आपूर्ति में किसी प्रकार का व्यवधान पैदा नहीं होने पाये।

यह बहुत महत्वपूर्ण इश्यू है। 1800 मजदूर बी.आर.एल. के और 2100 मजदूर एच.एस.सी.एल. के भूखों मर रहे हैं।

सभापति महोदय : यह सरकार के नोटिस में है।